Class iii-B

निम्नांकित संकेत के आधार पर
कहानी लिखिए-

संकेत

नटखट लड़का- "भेड़िया आया, भेड़िया आया" चिल्लाना-आसपास से उसकी रक्षा के लिए लोगों का दौड़ आना-लेड़के को मजाक और आनन्द का अनुभव-सहायकों का निराश लौटना-वास्तव में भेड़िया का आना-पुनः चिल्लाना-सहायकों का नहीं आना-लड़के का भेड़िया के द्वारा खाया जाना।

1.

एक था लड़का। था वह नटखट, चालबाज और धोखेबाज। वह यदाकदा 'भेड़िया आया, भेड़िया आया' कहकर चिल्लाता था। खतरे के जाल में फँसे उस लड़के की प्राण रक्षा के लिए अड़ोस-पड़ोस से बहुत व्यक्ति उसकी सहायता के लिए अपने कामकाज को छोड़कर दौड़ पड़ते। जब लोगों की भीड़ एकत्र हो जाती तो वह खिलखिला कर हँस पड़ता। लोग उसे देखकर भौचक्के हो जाते। पुनः आक्रोश को शांत करते हुए बच्चे की नादानी पर तरस खाते हुए लौट जाते। पुनः लड़का वैसा ही करता पर दो-तीन बार के बाद लोगों का आना बंद हो गया। सचमुच ही एकबार भेड़िया आया। लड़के ने आर्त्तस्वर में पुकारा। पर कोई भी उसकी सहायता के लिए नहीं आया क्योंकि लोगों ने समझा कि यह तो उसकी आदत है। झूठ ही ऐसा करता है। झूठे पर कोई विश्वास नहीं करता। एक दिन भेड़िया सचमुच आया और लड़के को खा गया।